# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव भोपाल, 24 अप्रैल 2025


## न्यूज कार्नर

### तीन दिनों तक दूल्हा बादशाह दरगाह पर उर्स

**जागरण, सीहोर।** हजरत दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स मुबारक आयोजित किया जाएगा। उर्स में सोमवार 5 मई को मिलाद शरीफ होगा और प्रतिष्ठित राय परिवार के मुखिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय और नीलेश राय के द्वारा बाबा की मजार पर चादर चड़ाई जाएगी। सर्वसहमति से उर्स कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान और उपाध्यक्ष हमीद हाजी को चुना गया। उर्स में 6 मई की रात राजस्थान कोटा के मशहूर कव्वाल गुलाम हुसैन और 7 मई बुधवार की रात भोपाल के कव्वाल मुकर्रम वारसी,कव्वाल कासम झंकार, तारिख मियां अपना कलाम पेश करेंगे। बीते 57 वर्ष बड़ी धूमधाम से बाबा की दरगाह में हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ उर्स मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष नगर पालिका,विघुत वितरण कंपनी और राजस्व पुलिस विभाग के द्वारा उर्स में आने वाले लोगों के लिए शासकीय तौर पर बिजली, पानी साफ सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है।

### शा.उ.मा.वि. मुंगावली बना तंबाकू मुक्त

**जागरण, सीहोर।** राष्ट्रीय तंबाकू मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में शासकीय उ.मा. वि. मुंगावली का चयन तंबाकू मुक्त संस्थान के रूप में किया गया। इस उपलक्ष में दिनांक 23/04/2025 को सलोनी शर्मा सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीहोर एवं डॉ नेहा सिंह जिला चिकित्सालय सीहोर द्वारा मूल्यांकनकर्ता रूप में उपस्थित होकर संस्थान परिसर एवम 100 गज दूरी के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं को तंबाकु के दुष्प्रभावो के बारे में जानकारी प्रदान की।

### कृषि विभाग अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने सीहोर स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने कहा कि नौकरी करते हुए हम सभी को लंबा समय हो गया है लेकिन किसी भी अधिकारी कर्मचारी की अभी तक पदोन्नति नहीं हुई है। सभी अधिकारियों ने कहा कि उनकी पदोन्नति, समयमान-वेतनमान के साथ-साथ अन्य मांगों को पूरा किया जाए। उन्होंने मांगे पूरी नही होने पर 01 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही।

### पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**जागरण, सीहोर।** बुधवार को शहर के नगर पालिका सभा कक्ष में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ कायराना हमला निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बढ़ा खतरा है। उन्होंने बताया कि सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने अपने सारे कार्यक्रम स्थगित करते हुए शोक सभा का आयोजन कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने पूरी एकजुटता के साथ आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस घटना को कायरतापूर्ण करार दिया।

# कालोनाइजर्स पर मेहरबान हैं ग्राम पंचायतें, कम राशि की रसीद से दे रहे अनुमति

**जागरण, सीहोर ।** जिले में इनदिनों अनेक ग्राम पंचायतें भूमाफिया और कालोनाईरों पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान है इसके बाद भी कालोनाईरों द्वारा वहां प्लाट और मकान खरीदने वालों को कोई सुविधाएं नही दी जा रही है,वहां मकान और प्लाट लेने वाले उपभोक्ताओं को कम राशि लेकर विभिन्न प्रकार की अनुमतियों दी जा रही है। जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है और कालोनाइरों को सीधे-सीधे लाभ पहुंच रहा हैं।

जानकारी के अनुसार अब तक तो सीहोर जिले में ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे थे जिनमें शहरी क्षेत्र की जमीन पर कालोनी विकसित हो रही है, लेकिन अनुमति पंचायतों की दर्शाई जा रही हैं, लेकिन अब नये मामले सामने आ रहे है जिनमें अनेक पंचायतें कालोनाइरों को और प्लाट और मकान खरीदने वाले उपभोक्ताओं को ग्राम पंचायतें बहुत कम राशि की रसीद काटकर कर विभिन्न प्रकार की अनुमतिया दे रहे हैं। बताया गया है कि पंचायत क्षेत्रों में बड़े-बड़े संस्थान भी संचालित हो रहे है, इनसे भी पंचायतें नियमानुसार टैक्स न लेकर शासन को राजस्व की हानि पहुंचा रह हैं। बताया गया है कि अनेक पंचायतें इन संस्थानों और लोगों को नोटिस तो भारी भरकम राशि का थमाया जाता है और रसीद कम राशि की जारी कर दी जाती है, लेकिन जिला पंचायत और प्रशासन ने जांच करना उचित नही समझा है जिससे ग्राम पंचायतें मनमानी पर उतारू हैं।

### पंचायतों में आखिर नियमों का पालन कौन कराए

लसूडिया परिहार, पचामा, तकीपुर, हसनाबाद, आलहादाबाद, बीजौरी, झरखेड़ा, अमलाहा, गोपालपुरा, सेवनिया, शेरपुर, बढ़खेड़ी सहित अनेक पंचायतें कालोनाइरों को सीधे लाभ पहुंचाने में पीछे नही हैं। जबकि इन क्षेत्रों में खुलेआम कालोनाइजर कालोनियां विकसित कर रहे है और पदस्थ पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक सबकुछ देखकर भी आंखे बंद किए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में पंचायतो की मनमानी और नियम विरूद्ध कार्य इसलिए जारी है कि जानकर भी प्रशासन अंजान बन जाता है जैसे अमलाहा पंचायत से 30 लाख की रिकवरी आदेश जारी होने पर भी नही हुई और झरखेड़ा मामले में जिला पंचायत सीईओ ने जनपद सीईओ को एफआईआर कराने के लिखित आदेश दिए थे उन आदेशों पर अब तक अमल नही हुआ हैं।



## सीएम राइज स्कूलों में प्राचार्यो द्वारा लौटाए जा रहे बच्चें,चेहरा देखकर दे रहे प्रवेश

# शिक्षा विभाग की मनमानी : सीएम के नाम पर भी नहीं मिल रहा गरीबों को दाखिला




**जागरण, सीहोर।** गरीब, जरूरतमंद, निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के मकसद से सीएम राइज विद्यालय खोले गए हैं। लेकिन जिस अवधारणा के साथ इनका प्रारंभ किया गया था वह उदेश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। सीएम राइज विद्यालय सीहोर में अपने बच्चों का एडमिशन कराने के लिए अभिभावक परेशान होकर यहां वहा भटक रहे हैं। यहां पर उन्हें प्रवेश फार्म तक नहीं दिए जा रहे हैं और स्कूल प्रबंधन द्वारा साफ मना कर दिया गया है बताया जा रहा है कि कक्षाओं में सीटें नहीं है। मुख्यमंत्री के नाम से संचालित इन स्कूलों में स्कूल प्रबंधन द्वारा चेहरा देखकर बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है, पहुंच वाले लोगों के बच्चों को जहां स्कूलों में प्रवेश मिल रहा है तो वहीं गरीबों के बच्चों को खाली हाथ लौटा दिया जा रहा है।

### जब जगह नहीं तो क्यों चलाए जा रहे सीएम राइज स्कूल

स्कूल प्रबंधन द्वारा यह तर्क दिया जा रहा है कि स्कूल भवन में नए बच्चों के लिए प्रवेश देने के लिए जगह ही नहीं है, जबकि एक सीएम राइज स्कूल में 22 सौ बच्चों को एक सत्र में प्रवेश देने का प्रावधान है, लेकिन पुराने व खस्ताहाल भवनों में चल रहे सीएम राइज स्कूलों में छह सौ बच्चों को पढ़ाने लायक भी जगह नहीं है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी वाहवाही लूटने के लिए अपने यहां के सीएम राइज स्कूलों की व्यवस्थाओं को बढ़ा चढ़ा कर बता रहे है, लेकिन वास्तविक स्थिति में वर्तमान मनुबेन सीएम राइज स्कूल की हालत काफी खस्ताहाल हो रही है।

### दो साल बाद भी अधूरा है निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 22 करोड़ की लागत से इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर मानसिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संस्थान के सामने बनाए जा रहा सीएम राइज स्कूल दो साल बाद भी अधूरा ही है, स्कूल निर्माण की कछुआ चाल का खामियाजा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे उठा रहे है। पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि नवीन शिक्षा सत्र से इस नए भवन में बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा लेकिन अप्रैल 25 तक भी यह भवन बनकर तैयार नहीं हुआ है, न तो लोक निर्माण विभाग और न ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया है, जिसके चलते यह भवन दो साल बाद भी अबतक अधूरा ही है।

### प्राचार्य दे रहे मनमाने तरीके से स्कूल में एडमीशन

सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश के लिए पहुंचे पालकों की माने तो यहां प्राचार्य व अन्य जिम्मेदार स्कूल में सीट नहीं होने का बहाना बनाकर लोगों को लौटा रहे है। इधर प्रवेश से वंचित लोग डीईओं व कलेक्टर के पास भी प्रवेश के लिए पहुंच रहे है, लेकिन यहां भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इधर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के पास हर रोज सीएम राइज से जुड़ी शिकायतें पहुंच रही है, लेकिन उनके द्वारा न तो किसी अधिकारी को यहां जांच के लिए भेजा गया है न ही वे स्वयं ही जांच के लिए पहुंचे है। इधर यह भी उल्लेखनीय है कि न केवल सीएम राइज स्कूल बल्कि सैकड़ाखेड़ी का मॉडल स्कूल भी प्राचार्य की मनमानी का शिकार हो रहा है। जिसका खामियाजा गरीब वर्ग के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा भी इनकी जांच नहीं की जा रही है।

## अधिक किराया लेने वाली 20 बसों एवं वाहनों पर की गई 20,500 रूपये की कार्रवाई

**जागरण, सीहोर ।** जिला परिवहन विभाग द्वारा अधिक किराया लेने एवं मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 20 बसों एवं वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत 20,500 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है। जिला परिवहन अधिकारी रीतेश तिवारी ने बताया कि मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत एवं परमिट शर्तों के तहत सभी बसों का संचालन किया जाना आवश्यक है, इसके बाद भी जिले में बसों एवं वाहन संचालकों द्वारा अधिक किराया लेने, वाहन में ओवरलोडिंग करने, वाहन में अग्नि शामक यंत्र नही लगाने संबधी शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही लम्बी दूरी की स्थायी परमिट की बसों के द्वारा परमिट शर्तों के आधार पर सीहोर बस स्टैंड पर ना पहुँचने संबंधी शिकायतें भी प्राप्त हो रही है। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा सभी बस संचालकों को आदेश दिए गए हैं, कि मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत परमिट शर्तों का पालन अनिवार्य रूप से करें। इसके साथ ही शासन द्वारा द्वारा प्रक्रम वाहनों का यात्री किराया निर्धारित किया गया है, इसी अनुसार यात्रियों से किराया लिया जाए। आदेश का उल्लंघन करने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### चलाया जा रहा है फायर सेफ्टी सप्ताह

शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर जिला चिकित्सालय एवं जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को फायर सेफ्टी मापदंडों के अनुसार विकसित करने एवं वहां कार्यरत चिकित्सकों नर्सिंग स्टॉफ को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक फायर सेफ्टी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि फायर सेफ्टी सप्ताह के तहत अग्नि सुरक्षा के संबंध में वर्चुअल वेबीनार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही वर्चुअल अग्नि सुरक्षा शपथ, फायर मॉकड्रिल, फायर सेफ्टी इंस्पेक्शन, टेबल टॉप एक्सरसाइज सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

**जागरण, सीहोर ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### सेनजी महाराज की 725 वां जन्मोत्सव 25 को

**जागरण, सीहोर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणी सेनजी महाराज की 725 वा जन्मोत्सव सेन धर्मशाला (कुटी) गंज सुभाष स्कूल के पास, सीहोर में वरिष्ठ समाज सेवी व समाज के संरक्षक अखलेश राय के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 25 अप्रैल 2025 को प्रात 9 बजे सेन जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। सर्व सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, युवा सेन समाज के द्वारा मुख्य अतिथि अखिलेश राय का स्वागत सम्मान किया जावेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि अखलेश राय द्वारा सभी समाज जनों को सम्बोधित किया जावेगा। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन का होगा। उक्त गरिमामय आयोजन में सभी स्वजातीय बन्धुओं, माताओं-बहनों एवं जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों सहित सभी वरिष्ठजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

# आतंकवाद का विरोध : भाजपा ने पुतला फूंका, कांग्रेस ने दी फांसी

**जागरण, सीहोर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुस्तानियों की हत्या के विरोध में भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में सीहोर विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीताराम यादव सहित भाजपा के लोगों ने कोतवाली चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि पहलगाम में हुए घटनाक्रम से पूरे देश में आतंकवाद के खिलाफ माहौल व्याप्त है। बुधवार की रात्रि को मंडल के तत्वाधान में शहर के लीसा टाकीज चौराहे से रैली निकालकर शहर के कोतवाली चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देशवासियों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर में निर्दोष हिंदुस्तानियों की हत्या कायराना हरकत है, जिसे भारत कभी सहन नहीं करेगा।

पहलगाम में हुए जघन्य हत्यागाण्ड के विरोध में कांग्रेसजनों ने जताया विरोध, आतंकवाद के पुतले को







दी फांसी : पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड के आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही एवं भाजपा सरकार की नाकामियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आतंकवाद के पुतले को फांसी देकर आतंकवाद के खिलाफ गगन भेदी नारे लगाये गये। इस मौके पर मृतक आत्माओं को शांति प्रदान करने एवं दुखी परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु दो मीनट को मौन रख ईश्वर से कामना भी की गई। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने कहा कि हमारे देश में खुलेआम मासूम निर्दोश देश वासियों को आतंकियों द्वारा मौत के घांट उतार देना यह सरकार की नाकामी का परिणाम है। सरकार उद्योगपतियों को ढोने में लगी हुई है और पाकिस्तान पर कोई लगाम नही है, इसी का नतिजा है कि पहले पुलवामा और अब पहलगाम जैसी घटना घटित हो रही है। सरकार को चाहिये कि वह कठोर बदम उठायें और आतंकवाद व आतंकवादियों को पनाह देने वालों को मुहतोड़ जवाब दें।

**अभिभाषक संघ ने की पहलगाम हमले के आतंकवादियों का सख्ती से हो सफाया की मांग :** जिला अभिभाषक संघ सीहोर द्वारा आयोजित एक बैठक में पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड के आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया घटना में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला अभिभाषक संघ के सचिव राजेश वर्मा ने बताया कि आज जिला अभिभाषक संघ की बैठक अध्यक्ष राधेश्याम यादव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पहलगाम में हुई घटना का पुरजोर विरोध किया। जिला अभिभाषक संघ के वरिष्ठ सदस्य के.यू. कुरेशी, कमर अहमद सिद्दीकी, अनिल दुबे ने अपने विचार रखे, सभी ने घटना की कड़ी निंदा की। बैठक में देश के प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि आतंकवादियों का सख्ती से सफाया किया जाए। अंत में मृतक आत्माओं की शांति के लिये मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# तेज धूप में गायत्री परिवार की आदिवासी, बालिकाएं दे रही हैं घर-घर दस्तक

## कलश यात्रा में शामिल होंगी दो हजार पांच सौ कलशधारी बहनों और ग्यारह सौ कन्याऐं, नागरिकों को दिया जा रहा है आमंत्रण

**जागरण, सीहोर।** आदिवासी तेजस्वी बालिकाऐं तेज धूप में बुधवार को शहर के गली मोहल्लों बाजारों घरों दुकानों पर दस्तक देती दिखाई दी। बालिकाओं ने मधुर भजनों के साथ नागरिको को शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आमंत्रण पत्र दिया। यही नहीं भगवा वस्त्रधारी बालिकाओं ने सनातन धर्मियों को देश को आखंड बनाने और गायत्री महायज्ञ एवं कलश यात्रा में सम्मिलित होने का संकल्प भी दिलाया।

गायत्री शक्तिपीठ द्वारा शहर के माधव आश्रम सेकड़ाखेड़ी के पास आयोजित होने वाले शक्ति संवर्धन108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इतिहास का पहला 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार युवा महायज्ञ समिति के सह संयोजक मनोहर दांगी ने बताया की



महायज्ञ के प्रचार प्रसार के लिए खंडवा जिले से गायत्री परिवार की रिंकी,चेतना,दीक्षा,चीमा, पंक्षी,अहाना,रविना बंसिका आदि के द्वारा अबतक बैसाली नगर, कस्बा, मंडी, गंज गंगा आश्रम क्षेत्रों में घर घर पहुंचकर भजनों के साथ यज्ञ का आमंत्रण दिया जा रहा है। दांगी ने बताया कि 2500 कलशधारी बहनों एवं 1100 कन्याओं की सहभागिता से 108 कुंडी यज्ञ की कलश यात्रा निकल जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार की शेफाली दीदी ब्रह्म वादिनी बहनों द्वारा महायज्ञ संपन्न कराया जाएग। गायत्री परिवार के द्वारा 27 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 3 से गायत्री शक्तिपीठ से अद्भुत घोड़े बागी झांकियां आदिवासी नृत्य करती हुई बालिकाओं के साथ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा निकाली जाएगी। विशेष सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहल के अंतर्गत 500 जोड़ी वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में ग्यारस को किया जाएगा हवन का आयोजन

**जागरण, सीहोर।** शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा। बुधवार को भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। वहीं दोपहर को गोपालधाम महिला मंडल के तत्वाधान में कीर्तन का आयोजन किया गया। 30 दिवसीय दिव्य अनुष्ठान में मंदिर परिसर में यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है। इसमें प्रतिदिन शिव-शक्ति यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा देवी, भगवान शिव और हनुमान आदि की पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर में नियमित रूप से हनुमान अष्टक, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और राम चरित्र मानस के पाठ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन को एकजुट करने और नई पीढ़ी में संस्कार के लिए समिति के द्वारा एक माह तक अनुष्ठान किया जा रहा है। बच्चों में अच्छे संस्कार से ही समाज का कल्याण होता है, वर्तमान के दौर में अच्छे संस्कार यज्ञ, दान और भगवान का जाप करने से होते है। संस्कारों का व्यक्ति के साथ ऐसा सम्बन्ध है जैसा जल का जमीन के साथ। व्यक्ति के कुछ संस्कार तो उसके अपने होते है। हम जीवन को उसकी गहराई तक जाकर देखते है तो बोध होता है कि हर व्यक्ति अनेक संस्कारों का ही एक पुतला है। व्यक्ति एक जन्म का नहीं जन्म जन्मान्तर के संस्कारों का परिणाम है। व्यक्ति जो कुछ होता है, करता है वह सब उसके भीतर इस जन्म के और पूर्व जन्म के संस्कारों का एक प्रवाह गतिशील रहता है।

# आदिवासी गांवों में स्कूल चलें हम नहीं बल्कि महुआ बीनने चलें अभियान



### परिवार के साथ महुआ के पेड़ के नीचे बीतता है बच्चों का समय, सरकार ने शुरू किया नया शिक्षा सत्र, लेकिन बच्चों में नहीं है स्कूल जाने की रुचि

**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। 1 अप्रैल से अनिवार्य रूप से नया शिक्षा सत्र लागू तो कर दिया गया। लेकिन इसे लेकर विद्यार्थी भी तैयार है या नहीं इसकी कोई जांच पड़ताल नहीं की गई। नतीजा यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन शिक्षा सत्र के बुरे हाल है और विद्यार्थियों की उपस्थिति ना के बराबर है। शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा घर-घर संपर्क अभियान भी कारगर साबित नहीं हो पा रहा। विद्यार्थी स्कूल जाने को तैयार नहीं है और शिक्षकों पर विद्यार्थियों को स्कूल में लाने का दबाव है। शिक्षक अभिभावकों के पास जाकर अपने बच्चों को स्कूल में भेजने का निवेदन कर रहे हैं। लेकिन उन पर भी इसका कोई असर नहीं हो रहा। हालत यह है कि विद्यार्थी स्कूल जाने की बाजार अपने परिजनों के साथ महुआ बिनना जाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यह स्थिति क्षेत्र के आदिवासी गांवों में देखी जा सकती हैं, जहां बच्चों का रूझान स्कूल की ओर कम और महुआ बिनने में अधिक हैं। विद्यार्थी भी स्कूल जाने के स्थान पर अपने परिवार के साथ काम करने जंगल में जाना अधिक पसंद कर रहे हैं। क्षेत्र के गांव भिलाई टप्पर, कोसमी, सनकोटा, सिराली, भैंसान, महादेव बेदरा, बसंतपुर, टांडी टप्पर, आंबाझिर सहित अनेक गांवो में ऐसी स्थिति देखी जा सकती है। इन गांवो में जब बच्चों व उनके अभिभावकों से स्कूल में नहीं पहुंचने के संदर्भ में बात की गई तो उनका कहना था कि अभी तो गर्मी की छुट्टी चल रही हैं,इसलिए स्कूल जाने का कोई मतलब नहीं हैं। स्कूल में गर्मी बहुत हैं और पढ़ाई की भी औपचारिकताएं ही पूरी की जा रही हैं। ऐसे में घर खर्च के लिए अतिरिक्त आमदनी बढ़ाने बच्चें हमारे साथ महुआ बिनने जा रहे हैं। आदिवासी गांव के हालात को देखकर समझा जा सकता हैं कि शिक्षा की जागरूकता को लेकर स्कूली शिक्षकों ने कितने प्रयास किये हैं।

### सुबह से स्कूल जाने की बजाय महुआ बीनने जाने की होती है तैयारी

गांव के विद्यार्थी सुबह स्कूल जाने की वजह महुआ बीनने जाने की तैयारी में लगे रहते हैं। वर्तमान समय महुआ का सीजन है। सुबह के समय विद्यालय की शुरुआत और महुआ गिरने का समय लगभग एक जैसा होने के कारण बच्चे स्कूल जाने के बजाय परिवार के साथ महुआ चुनने में व्यस्त रहते हैं। कई बच्चों को तड? सुबह से ही जंगलों में महुआ बीनते हुए देखा जा सकता है. स्थिति यह है कि कुछ बच्चे तो रातभर महुआ के पेड़ों के नीचे डेरा जमाए रहते हैं, ताकि ताजे महुआ को बीन सकें। इसका सीधा असर उनकी शिक्षा पर पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि महुआ से उन्हें कुछ अतिरिक्त आमदनी हो जाती है, जिससे घर का खर्च चलाना संभव हो पाता है. ऐसे में शिक्षा और विद्यालय दूसरे पायदान पर चले जाते हैं।

### स्कूल चलें हम पर भारी महुआ सीजन अभियान

सरकार द्वारा विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं,जिनमें से एक स्कूल चलों हम अभियान हैं, लेकिन महुआ सीजन अभियान इन पर भारी पड़ रहा है। आदिवासी गांवो के कई सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति नगण्य हैं ओर यहां पर केवल शिक्षकों की मौजूदगी ही देखी जा सकती है। सरकार के अभियान के तहत जब शिक्षक गांव में बच्चों को लाने का प्रयास करते हैं तो अभिभावक ही उन्हें अपने साथ महुआ बिनने ले जाने की बात कहकर शिक्षकों को बैरंग लौटा देते हैं। शिक्षकों की मानें तो इस समय जंगल में भारी मात्रा में महुआ गिरता हैं, जिसे बिनने के बाद इसका विक्रय किया जाता हैं, ऐसे में ग्रामीणों को अतिरिक्त आय हो जाती है। जिसके चलतें पालक अपने बच्चों को महुआ बिनने के लिए ले जाना अधिक पसंद कर रहे ह। शिक्षकों का कहना है कि हमारे द्वारा किये गए प्रयास पर पारिवारिक जरूरतें और महुआ के मौसम में कमाई का अवसर बच्चों को स्कूल से दूर कर देता है।

### कमाई का साधन बना महुआ, पढ़ाई से पहले रोजगार

महुआ आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आर्थिक संसाधन है, जो उन्हें जीविका चलाने में सहयोग करता है। जंगल में भारी मात्रा में महुआ के पेढ़ लगे हुए हैं, इसके अतिरिक्त कई परिवारों ने अपने घरों में भी इसके पेढ़ लगा रखे है। गर्मी के मौसम में यह अपने आप ही पेढ़ से गिरता है। मुख्य रूप से महुआ अधिकतर तड? सुबह गिरता है, ऐसे में आदिवासी परिवार अपने बच्चों को जंगल में साथ लेकर जाते हैं। ताकि अधिक मात्रा में महुआ का संग्रहण हो सके। महुआ बीनने के बाद उसे सुखाकर स्थानीय बाजार में बेचा जाता है. इसकी मांग अधिक होने के कारण ग्रामीण इसे प्राथमिकता देते हैं। इस कार्य में अधिकतर महिलाएं और किशोरियां शामिल रहती हैं, जिससे विद्यालयों में लड़कियों की उपस्थिति पर भी असर पड़ता है।

**क्या कहते हैं बच्चें** - सूर्या बारेलाश्रीपाल, अजय, माता बातरीबाई,चांदनी माता सियादी, पंकज,ममता बरेला सिंहपुर ने बताया कि स्कूल की छुट्टी चल रही हैं। वहां जाने से क्या फायदा। गुरुजी भी थोड़ी देर बाद स्कूल से चले जाते हैं, क्योंकि स्कूल में लाईट की व्यवस्था अस्थायी हैं। पानी भी हमें घर से लेकर जाना पड़ता है। धूप इतनी अधिक हैं कि गर्मी में पढ़ाई भी नहीं हो पाती। खेल मैदान इतना गर्म हैं कि तबीयत खराब होने का डर सताता है। इससे अच्छा तो हम अपने माता-पिता के साथ महुआ बिन लेते हैं, जिससे हमें कुछ पैसे मिल जाते है।

## न्यूज कार्नर

### नारायण बा के निधन पर शोक व्यक्त किया



**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। नगर के वरिष्ठ समाज सेवी व मोहन अग्रवाल के छोटे व अनिल अग्रवाल दाल मिल वालो के बड़े भाई व खेल शिक्षक प्रबल अग्रवाल के पिता स्व. नारायण अग्रवाल बा का लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड?र चले गए। धार्मिक प्रवृत्ति के साथ सामाजिक कार्यो में उनकी गहन रूचि थी। जिसके चलतें उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजसेवी, समाजजन, राजनैतिक दलों के लोग शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार नर्मदा तट नीलकंठ घाट पर किया गया, जहां उनके पुत्र प्रबल अग्रवाल द्वारा मुखाग्नि दी गई।

### काली मिट्टी के बने मटकों की बड़ी मांग



**जागरण बुधनी**। इस समय गर्मी शवाब पर है इसके साथ ही बाजार में मटका की मांगी बढ़ने लगी है आज भी कई लोग ठंडा पानी पीने के लिए देसी फ्रिज यानी मटके का ही उपयोग करते हैं इस समय बाजार में काली मिट्टी के बने मटको की मांग बढ़ रही हैइसके व्यापारी बताते हैं कि मटके के पानी का स्वाद आत्मा को तृप्त कर देता है वही मटका कारीगर ने बताया कि लाल और काली मिट्टी के मटके बनाए जाते हैं लेकिन काली मिट्टी के बने मटके का पानी अधिक ठंडा व स्वादिष्ट होता है मौसम में गर्म हवा और सूर्य के तपन बढ़ने लगी है जिससे लोगों में ठंडा पानी पीने की चाहत होने लगी है इसके साथ ही बाजार में मटका खरीदने वालों की भी संख्या बढ़ रही है मटका विक्रेताओं का कहना है कि हमारे कई पीढियां से मटका बनाने का बेचने का सिलसिला चल रहा है लेकिन अब मिट्टी और अन्य साधन के महंगे हो जाने के कारण बाहर से मटके खरीद कर बाजार में भेजे जा रहे हैं जिनकी लागत अधिक होने कारण यह महंगे भी हो रहे हैं लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार बड़ा छोटा मटका मांगते हैं इसी के अनुसार ?80 से लेकर ?200 तक के मटके उपलब्ध हैं मटका व्यापारियों कहना है कि पीढियां से मटका बनाए जा रहे हैं हमारे पूर्वजों ने भी मटके बनाए थे और हम भी मटका बना रहे हैं हालांकि मटका बनाने के लिए मिट्टी और अन्य संसाधनों को जुटाना अब काफी महंगा हो गया है फिर भी अपनी परंपराओं के अनुसार घर में मटके बनाने कार्य भी जारी है और बाहर से भी मटके बुलाई जा रहे हैं लाल मिट्टी के मटके की अपेक्षा काली मिट्टी के मटके आर्थिक चिकनाहट होने कारण पानी को अधिक ठंडा बना रखते हैं ।

### हड़ताल से बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था

**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। प्रदेश सहित ब्लॉक में भी संविदा स्वास्थ्यकर्मी अपनी 8 सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। बीते दो दिनों से कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से सिविल अस्पताल सहित ग्रामीण अंचलो में स्वास्थ्य सेवाएं लडड़ा गई हैं। मरीजों को समय पर उपचार ना मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस मामले में स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा विभाग में रिक्त पदों पर 50 प्रतिशत पद संविदा से संविलियन किया जाकर नियमित किये जाने, पूर्व में दी जा रही सुविधाओं में ईएल एवं मेडिकल को प्रथक किया हैं।

# सलकनपुर में नाले का अतिक्रमण हटवाकर निर्माण कराने की मांग



### बारिश से ट्रस्ट एवं गांव को बाढ़ एवं डूब से बचाना होगा मुश्किल

**जागरण बुधनी**। सलकनपुर में ट्रस्ट के बाजू में रोड साइड बहने वाले नाला गंभीर समस्या का रूप धारण कर रहा है जिसे लेकर सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय व ट्रस्ट समितिके सदस्य राम गोपाल चौहान अरविंद दुबे रिखी राम यादव जगदीश नाविक सहित समस्त ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव सहित कलेक्टर सीहोर एसडीएम बुधनी एवं ई पी डब्लू डी को ज्ञापन दिया है और मांग की है कि जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या से निपटारा पाने के लिए जल्द से नाले का निर्माण किया जाए उल्लेखनीय की वर्तमान में एन एच आई द्वारा मालीबाया से होकर ओ?िया तक का फोर लेन रोड का निर्माण किया जा रहा है उक्त रोड के बाजू में बहने वाले नाले एवं रोड की हाइट पहले से करीब 2 फीट ऊंची आ रही है मेन रोड एवं ट्रस्ट की धर्मशाला के बीच में रो प वे से होकर बस स्टैंड तक1/2 किलोमीटर लंबाई में एक बड़ा नाला है जिससे होकर पहाड़ एवं तालाब का पानी बरसात में होकर बहता है उक्त नाले पर कुछ लोगों ने नाले में पिलर खड़े करके अपने मकान बना लिए हैं जिसके कारण न तो नाले से पानी बहकर निकल पा रहा है और न ही सफाई हो पा रही है गंदगी से नाला फसा पड़ा है रोड एवं नाली के ऊंचे होने से ट्रस्ट की धर्मशाला साहित रोपवे साइड का पूरा गांव बरसात पानी कारण डूब में जाएगा उपरोक्त समस्या को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित समिति व ग्राम वासियों ने निवेदन किया है कि उक्त स्थल की सक्षम अधिकारी द्वारा जांच करा कर समय रहते बारिश पूर्व रोड के साथ-साथ उक्त नाला का अतिक्रमण हटवा कर नाले का भी निर्माण कराया जाए अथवा आने वाले बारिश में ट्रस्ट एवं गांव को बाढ़ एवं डूब से बचाना मुश्किल होगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आतंकवाद का पुतला दहन

**जागरण, रेहटी**। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में लगभग 28 लोगों की मौत के बाद पूरे देश रोष व्याप्त है। लोग सड़कों पर उतर कर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे है वही कायरता से परिपूर्ण इस आतंकी हमले को लेकर बुधवार को रेहटी बस स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित की एवं आतंकवादियों एवं पाकिस्तान पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए । आतंकी हमले के विरोध में मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय है। इस कायराना और अमानवीय कृत्य में कई निर्दोष लोगों की जान गई है। आतंकियों द्वारा किए गए इस निंदनीय कृत्य में हताहत नागरिकों के परिजनों के साथ पूरे देश की संवेदनाएं हैं।

## 70 से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के काम की गति धीमी



### 8222 में से 3854 के बने आयुष्मान कार्ड - 4368 लोग अब भी योजना से दूर

**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। देश के नागरिकों का 5 लाख रुपए तक का इलाज सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त में हो सके इसके लिए केंद्र सरकार की बहु प्रतीक्षित आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इस योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजूर्गो को भी शामिल किया गया हैं,चाहे वह किसी भी वर्ग का हो। इसके लिए केंद्र सरकार ने घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश जारी किये हैं। इन लोगों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया पिछले 6 माह से लगातार जारी हैं। अभी तक ब्लॉक स्तर पर नगरीय क्षेत्र में 340 व ग्रामीण क्षेत्र में 3472 आयुष्मान कार्ड ही बन सके हैं। जबकि नगर में 1157 व ग्रामीण में 7065 कार्ड बनाये जाने थे। नगरीय क्षेत्र में नगर परिषद व ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत विभाग के द्वारा कार्ड बनाये जा रहे हैं। अभी भी ब्लॉक में 4368 लोग इस योजना से दूर हैं। अभी तक के आंकड़े के मुताबिक लगभग 47 फीसदी ही लक्ष्य प्राप्त हो सका हैं। नगर परिषद व ग्राम पंचायतों का मानना हैं कि इनमें से अधिकांश लोग या तो पलायन कर चुके हैं या फिर इनकी मृत्यु हो चुकी हैं। ऐसी संख्या 2500 के लगभग हैं।

बता दें कि देश में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम 2018 से शुरु हुआ था। 2011 में हुई आर्थिक जनगणना के अनुसार ही लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वहीं अब नवंबर माह से 70 प्लस से अधिक उम्र के बुजुर्गों के कार्ड बनाने का कार्य शुरु हुआ हैं। पिछले 6 माह में मैदानी अमला लक्ष्य के विरुद्ध 47 फीसदी ही लोगों के कार्ड बना पाया हैं।

### फिंगर मिलान व आधार अपडेट ना होना बना परेशानी

ग्राम पंचायत सचिवों व नगर परिषद के कर्मचारियों ने बताया कि 70 प्लस से अधिक उम्र के बुजूर्गो के कार्ड बनाने के दौरान बुजूर्गो के अंगूठे का मिलान नहीं हो पा रहा हैं। इसके अतिरिक्त कई बुजूर्गो के आधार कार्ड भी अपडेट ना होने से आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। यहीं वजह हैं कि लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पा रही हैं। कई लोग ऐसे भी हैं, जो गांव से शहर में पलायन कर चुके हैं तथा कुछ लोगों की मृत्यु हो चुकी है,लेकिन उनका नाम सूची में दर्ज हैं।

### 4368 लोग अब भी योजना से बाहर

आयुष्मान योजना में 1400 से अधिक तरह की बीमारियां कवर हैं, जिनका इलाज सरकार से अनुबंधित अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बने होने पर फ्री में हो सकता है। अभीपुराने पात्रों में करीब 4368 लोग योजना से बाहर हैं। शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए कलेक्टर हर बैठक में फीडबैक लेते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को भी इस कार्य में लगाया गया हैं। बावजूद लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पा रही हैं।

## कांग्रेस का आरोपः जांच के नाम पर अधिकारी कर रहे लीपापोती

**आगजनी के मामले में अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई, इधर प्रशासन नरवाई जलाने के मामले में बिना जांच के ही किसानों से वसूल रहा जुर्माना**

**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। बीते शनिवार देर रात जेपी मार्केट में घटित हुई आगजनी की घटना में तीन दुकानें जलकर पूरी तरह से राख हो गई थी, जिसमें लगभग साढ़े तीन करोड़ के नुकसान का आंकलन सामने आया हैं। इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर जल्द से जल्द सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। दूसरी ओर कांग्रेस के द्वारा तीन दिनों के अंदर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें निलंबित किये जाने व पीड़ितो को तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। प्रशासन के द्वारा इस मामले में तीन दिन बीतने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। दूसरी ओर कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी से मिला ओर इस मामले में जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल को एसडीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट कलेक्टर के यहां भेजी जा चुकी हैं। कांग्रेस ने प्रशासन को दो दिन का समय दिया हैं। यदि इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती हैं तो कांग्रेस सड? पर उतरकर आंदोलन करेगी।

ज्ञातव्य हैं कि बीते 19 अप्रैल शनिवार को नगर के जेपी मार्केट स्थित सुपर बूट हाऊस, च्वाइस कलेक्शन, लोया जनरल स्टोर्स में शार्ट सर्किट होने से आगजनी की घटना घटित हुई, जिसमें तीनो दुकाने जलकर तबाह हो गई।



आगजनी की सूचना पर नप के जिन कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरती गई उनके खिलाफ कार्रवाई किये जाने को लेकर कांग्रेस के द्वारा प्रशासन से मांग की गई थी। लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई आगे नहीं बड़ सकी।

इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने बताया कि आगजनी मामले में मैंने बुधवार को सीहोर कलेक्टर से चर्चा की उन्होंने आश्वासन दिया हैं कि वह तत्काल एसडीएम को निर्देशित कर रहे हैं कि पीड़ितो का केस तैयार कर उन्हें जल्द से जल्द सहायता राशि उपलब्ध कराये। वहीं उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन के द्वारा इस मामले में पीड़ितो को न्याय नहीं दिया जाता हैं ओर लापरवाहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती हैं तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हमने कलेक्टर से निवेदन किया हैं कि भैरूंदा, सेमलपानी जदीद व अन्य आगजनी से प्रभावित लोगों को मौका स्थल पर पहुंचकर मुलाकात करे जिससे कि उन्हें सहायता राशि तत्काल उपलब्ध हो सके।

कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने प्रशासन से सवाल किया कि जब प्रशासन नरवाई जलाने के मामले में बिना जांच के ही किसानों पर लाखों रुपए का जुर्माना लगा सकता हैं तो फिर भैरूंदा में हुए भीषण अग्रिकांड में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में देरी क्यों कर रहा हैं। ऐसा लगता हैं कि प्रशासन अपने ही अधिनस्थों को बचाने में जुटा हुआ हैं। जानकारी ऐसी भी हैं कि जिस समय घटना घटी उस समय भैरूंदा में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं थे। शहरवासियों के द्वारा ही आगजनी की घटना पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया गया। हालांकि विभिन्न जगहों से आई दमकलों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

इस मामले में नगर परिषद के उस कर्मचारी की लापरवाही उजागर हो रही हैं, जिसके जिम्मे दमकल को दुरस्त रखने की व्यवस्था है। जानकारी ऐसी भी हैं कि उक्त कर्मचारी के द्वारा शाम के बाद अपना मोबाइल ही बंद कर लिया जाता हैं। यहां तक की घटना घटित होने के बाद उन्होंने मौके पर पहुंचना भी उचित नहीं समझा ओर ड्रायवर को भेजकर आगजनी की घटना पर काबू पाने का प्रयास कराया गया। आखिर उस कर्मचारी के द्वारा अपनी जिम्मेदारी से मुंह क्यों मोड़ लिया गया। इसके पहले भी कई बार इस तरह की स्थिति सामने आ चुकी है। शर्मा ने कहा कि यदि दो दिन के अंदर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होती हैं तो कांग्रेस अपने कहे अनुसार पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरेगी।

## आंवलीघाट में गंदगी का अंबार, साफ सफाई पर नहीं दे रहे ध्यान

**जागरण, रेहटी**। रेहटी तहसील के प्रसिद्ध आंवली घाट पर हजारों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु मां नर्मदा नदी में स्नान करने आते हैं लेकिन यहां की ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा साफ सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता अपनी मनमर्जी के हिसाब से बाहर ग्राम पंचायत चला रहे हैं। पूरे गांव का गंदा पानी सड़कों से बहता हुआ नर्मदा नदी में मिल रहा है जिससे प्रदूषित पानी में ही लोग स्नान करने को मजबूर हैं। इसी के साथ-साथ ग्राम पंचायत में जगह-जगह गंदगी देखी जा सकती है सालों से जमे ग्राम पंचायत सचिव का ध्यान अपनी ग्राम पंचायत में नहीं दे रहे हैं। जिससे पूरी ग्राम



पंचायत में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं जिससे मच्छर पनप रहे हैं जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। जहां पर करेगा यह विकास कार्यों में भी भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु भी यह कहते हुए नजर आए की इतना प्रसिद्ध घाट और गांव में घुसते से ही गंदगी गंदगी नजर आती है। नर्मदा नदी के आंवली घाट का विशेष महत्व है मगर यहां की स्थिति इसके बिलकुल विपरीत है जिस मुख्य रास्ते से दर्शनार्थी स्नान करने जाते हैं उस मुख्य रास्ते पर ही 12 महीने संपूर्ण गांव का गंदा पानी बहता रहता है यह समस्या केवल एक दिन नहीं 12 महीने देखने को मिलती है ।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आतंकवाद का पुतला किया दहन



**जागरण भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध पुतला दहन करते हुए इसका पुरजोर विरोध किया गया। 23 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को दुर्गा मंदिर चौराहे पर स्थित विजय स्तंभ पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुर्गा मंदिर चौराहे पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी नागरिकों से सजग एवं संगठित रहने का आह्वान किया। पुतला दहन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद और उसके समर्थकों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। भाजपा भैरुंदा मंडल ने केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे कठोर कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, धीरज पटेल, चंद्रकांत खण्डेलवाल,मारुति शिशिर नगर अध्यक्ष, कपिल खण्डेलवाल, राजेश लखेरा,महेंद्र परिहार, राजेश पंवार,बसंत दूबे, संजय पटेल, अमित मीणा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का संदेश दिया।

# पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में लग रही आग, हरी झाड़ियां जलकर खाक

**जागरण बुधनी**। पिछले दिनों से एकाएक तेज गर्मी का एहसास होने लगा है दोपहर के समय आसमान से आग बरस रही है गर्मी शुरू होते ही घनी पहाड़ और जंगलों में आग लग रही है पिछले 10 दिनों से जंगल में तेज आग लग रही है यह आज लकड़ी काटने वाले तेंदु पत्ता महुआ बीनने वालों द्वारा भी लगाई जा रही हैइससे जंगल में हरी झाड़ियां तो जलकर खाक हो रही है लेकिन बड़े पेड़ों के साथ जंगल में वन प्राणियों को भी नुकसान पहुंच रहा है बुधनी के पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिदिन जंगल आग से धधक रहा है पहाड़ी क्षेत्र के जंगल में फैलने वाली सड़क पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम अपने-अपने बीट क्षेत्र व कार्य क्षेत्र में काम कर रही है पूरा जंगल पाली क्षेत्र में है इससे टीमों को समय रहते पहुंचने और आग पर काबू पाने में मस्कत करनी पड़ रही है जंगल पहाड़ पर होने के कारण आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ रही है आपको बता दे की रता पानी अभ्यारण से लगे पीली करार बुधनी तालपुरा शाहगंज रोड क्षेत्र में प्रतिदिन जंगल में आग लग रही है उल्लेखनीय की रा ता पानी अभ्यारण हाल ही में प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व बनकर तैयार हुआ है इस समय अच्छी खासी टाइगर की संख्या है वन विभाग वन प्राणियों की सुरक्षा बल की सुरक्षा के लिए काम कर रही है जंगल में आग लगे



कारण प्राकृतिक रूप से कम कर रही मानव द्वारा लगाई हुई ज्यादा है क्योंकि गर्मियों के दिनों में महुआ और तेंदू पत्ता सहित जलाओ लकड़ी लेने के लिए भी जंगल में ग्रामीण लोग पहुंचते हैं इसमें मवेशी के चरवाहे भी शामिल होते हैं जो जंगल में बीड़ी पीते हैं कुछ लोग दूर से जंगली जानवर को आसानी से देख सकें वन विभाग की टीम लगातार लगी हुई है खड़ी पहाड़ी क्षेत्र के कारण होने का उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है। जंगल में आग लगने का कारण प्राकृतिक रूप से कम मानव द्वारा लगाई हुई ज्यादा है। गर्मियों के दिनों में महुआ और तेंदू पत्ता सहित जलाऊ लकड़ी लेने के लिए भी जंगल से ग्रामीण लोग पहुंचते हैं।

## आम सूचना

**भूमि खसरा क्रमांक- 147/4/1 (एस), 515/2, 516 (एस) रकबा 1.2140 हेक्टेयर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण एवं सुरेन्द्र सिंह उर्फ सुरेन्द्र पुत्र श्री रघुवीर सिंह, आयु वयस्क, निवासी मकान नंबर - 113, चौक मोहल्ला, खैखेड़ा, सीहोर म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा क्रमांक- 147/4/1 (एस), 515/2, 516 (एस) रकबा 1.2140 हेक्टेयर के मध्य एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 09.12.2024 को हस्ताक्षरित कर निष्पादित किया गया है, जिसके पेटे मेरे पक्षकारगण ने बयाना राशि भी अदा कर दी है, मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है, मेरे पक्षकारगण विक्रय पत्र का पंजीयन करने हेतु तत्पर एवं तैयार है, परन्तु सुरेन्द्र सिंह लगातार टालमटोल कर रहा है, मेरे पक्षकारगण को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि सुरेन्द्र सिंह उपरोक्त भूमि को किसी अन्य को विक्रय करना चाहता है, इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार सुरेन्द्र सिंह से न करें, अन्यथा इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसी व्यक्ति की होगी।

भवदीय (सै. फैजान हुसैन) अधिवक्ता
कार्यालय - 6, एफ-9, काशिफ काम्पलेक्स राजभवन के सामने, मालवीय नगर, भोपाल म.प्र.
मो.नं. 9826453636

### आष्टा में अभिभाषक संघ ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौपा, जावर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रर्दशन

# आक्रोशः भाजपा-कांग्रेस ने किया आतंकवाद के पुतले का दहन

**जागरण, आष्टा।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एवं बढ़ते विश्वास से हताश आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन में पर्यटकों पर गोलियां दागी, जिससे 28 लोगो की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस कायराना करतूत से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त हैं। शहर में भाजपा-कांग्रेस ने पृथक-पृथक आतंकवाद के पुतले का दहन किया। वहीं अभिभाषक संघ ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। जावर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के पुतले का दहन किया।







भाजपा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों से उनका धर्म पूछ कर, उनकी पहचान देख कर चुन-चुन कर गोलियों से भून कर मौत के घांट उतारने की कायराना आतंकी घटना से देश आक्रोशित हैं। देश में घटित आतंकी घटना को लेकर शहर-शहर, गांव-गांव में विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन के कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी के चलते आष्टा में भाजपा नगर अध्यक्ष श्रीमती अंजली विशाल चौरसिया ने कालोनी चौराहे पर पाकिस्तान एवं आतंकवादियो के पुतले का दहन कर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मार्केटिंग के पूर्व अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, पार्षद रवि शर्मा, संजीव पांचम, धनरूपमल जैन, भुरू खा, देवकरण पहलवान, बलवीर ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, युमो नगर अध्यक्ष मनीष धारवां, सुमित मेहता, मोहित सोनी, हरेंद्र ठाकुर, गिरजा कुशवाह, बाबूलाल मालवीय, अनिल धनगर, कमलेश जैन, सुरेश परमार, राधेश्याम अलेरिया, ऋषि विश्वकर्मा, अर्जुन ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूदे थें। जावर में भाजपा मंडल द्वारा स्थानीय मुख्य बाजार गांधी चौक पर आतंकवाद के पुतले का दहन कर चेतावनी दी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कल्याणसिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्रसिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर, राजेंद्र केशव, संजय अजमेरा, अजयसिंह सेठ, कैलाश सोलंकी, दयाराम परिहार, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा, शिवम सोनी, राजा ठाकुर, राजेंद्रसिंह सेंधव, धर्मेंद्रसिंह ठाकुर, राजेश शर्मा, जगदीश गोयल, सुनील लोधी, गोविंदराम मालवीय, ज्ञानसिंह, आशिक अली आदि मौजूद थें। इसी प्रकार ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने भी तहसील कार्यालय के सामने आतंकवाद के पुतले का दहन किया। हम सब एक हैं, मिलकर आतंकवाद से लड़ेंगे और जीतेंगे के नारे लगाए। इस दौरान कांग्रेसजनों ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वे सरकार के साथ हैं और शांति और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार हैं। आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हम सब सरकार के साथ हैं सरकार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करें। इस अवसर पर आईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, जाहिद खान गुड्डू, महेश मूंदीखेड़ी, गुलाबबाई ठाकुर, कमलसिंह चौहान, घनश्याम जांगड़ा, सुनील कटारा, लोकेंद्र बनवट, सन्नवर खान, मनीष खत्री, फैजउद्दीन, शाहिद टेलर, गोलू हाजीपुर, बंशीलाल बॉम्बे, चेतन सेमलीबारी, महमूद पार्षद, रईस पार्षद प्रतिनिधि, कृपाल मालवीय, चेतन भाटी, मानसिंह अमलमज्जू, देवराज परमार, तोसिफ उद्दीन, राजकुमार नौगांव, टोनी कोठारी, अशोक मंडलोई, शंकर बोडाना, नफीस शाह, बनने मंसूरी, हरपाल जावर, रिजवान खान, यशवंत मालवीय, सुजान परमार, अंकित साहू, रवि चनखल, इजराइल मंसूरी, राजाराम गोरिया, अनारसिंह, रामचरण आदि मौजूद थें।

अधिवक्ता संघ ने भी आतंकवादी घटना के विरोध में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौपा। ज्ञापन सौपने वालों में संघ के अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, दिनेश भूतिया, कांतीलाल जोशी, भूपेंद्रसिंह राणा, राधाकृष्ण धारवां, कुलदीप शर्मा, सुधीर जोशी, महेंद्र भूतिया, भूपेंश जामलिया, विजेंद्रसिंह ठाकुर, विक्रम वर्मा, नरेंद्र कुमार जोशी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थें।

## जावर में रोजाना रात्रि में गुल हो रही ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली, ग्रामीणों में आक्रोश

**जागरण, जावर।** विद्युत कंपनी नगर में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है, लेकिन हकीकत कुछ और है। बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण लोगों को गर्मी के समय और भी दिक्कत होती है। ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों घंटों बिजली की कटाती की जा रही है। बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। ऐसे में लोगों को अघोषित कटोंती से जूझना पड रहा है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर फॉल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है। वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा वाटस्प ग्रुप में कटोती की सुचना दिन में कई बार देकर पल्ला झांड़ लेते है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की अंधेदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बड़ती जा रही है पिछले कई दिनों से ग्रामीण क्षेत्रो में रात्री में बिजली कटौती की जा रही, जिससे ग्रामीण परेषान हो रहे है। दिन तो दिन रात में भी कई बार बिजली का आना-जाना लगा रहता है। उमश के कारण लोग जहां परेशान है वही बिजली के बार-बार चले जाने के कारण ग्रामीणजन घरो के बहार देर रात्री में बिजली आने का इंतजार करते रहते है और बिजली कर्मचारियों को कोसते नजर आते है। गर्मी बढ़ती जा रही है। गर्मी के मौसम में बिजली के रोजाना रात को गांवों में कई घंटे बिजली कट रही हैं। बिजली कटों और उमस भरी गर्मी की वजह से रात को लोग सो नहीं पा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में बिजली अधिकारियों के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। यदि अधिकारियों को भी बिजली के अघोषित कटों से जूझना पड़े तो अहसास होगा कि ग्रामीण किस परेशानी से गुजर रहे हैं। ऐसी भीषण गर्मी में बिना पंखा-कूलर के रात काटना मुश्किल है कांग्रेस ब्लॉक का कहना है कि अगर सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणजन बिजली सब स्टेशन का घेराव करने पर मजबूर होंगे, वही बिजली विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। वैसे तो बिजली की समस्या आम बात है लेकिन गर्मी का मौसम आते ही बिजली की कटौती भी शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पूरा पूरा दिन बिजली गायब रहती है और लोग गर्मी से बेहाल रहते हैं। इस समय भीषण गर्मी होने लगी है। दिन में लोगों को कड़ी धूप का सामना करना पड़ता है। धूल भरी तेज हवाएं चलने से लोगों को समस्या होती है। ऊपर से बिजली की कटौती लोगों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है रात में बिजली आपूर्ति समय में भी बार बार बिजली की आवाजाही होती रहती है। भीषण गर्मी में लोग बाहर निकलने के बजाय घरों में रहना पसंद करते हैं। क्योंकि बाहर लोगों को गर्मी, तेज धूप व धूलभरी हवाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन घर में रहने के दौरान बिजली न मिलने से भी समस्याएं होती हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी आते ही बिजली विभाग की मनमानी भी शुरू हो गई है बिजली कटौती बड़ी समस्या बनती जा रही है।

> ◆ ब्लॉक कांग्रेस ने कहा बिजली कटौती में नही हुआ सुधार तो करेगें आंदोलन

## नेपा वसूली देने से किया इंकार तो आरोपी ने दी चोरी की धमकी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी लाडसिंह पर हत्या, लूट, हत्या के प्रयास सहित अनेक धाराओं के 37 प्रकरण देवास एवं सीहोर जिलों में हैं पंजीबद्ध

**जागरण, जावर।** जावर पुलिस ने देवास जिले के थाना पिपलरांवा अंतर्गत निगरानी बदमाश लाडसिंह कंजर पिता फेरन्या कंजर उम्र 58 वर्ष, निवासी कुमारिया को अड़ीबाजी करते हुए गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध हत्या, लूट, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों सहित कुल 37 प्रकरण विभिन्न थानों में पूर्व से दर्ज हैं



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को फरियादी अकबर मंसूरी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपी लाडसिंह द्वारा धमकी देते हुए कहा यदि तुम चाहते हो कि हम तुम्हारे यहां चोरी नहीं करे और तुम्हारी संपत्ति को कोई नुकसान न पहुंचाएं, इसके बदले रुपए की मांग की गई और नहीं देने पर जान से मारने और चोरी करवाने की धमकी दी थी, उक्त शिकायत पर थाना जावर में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक दीपककुमार शुक्ला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन तथा टीआई नीता देअरवाल के नेतृत्व में आरोपी को मंडी गेट के पास अपनी ऑल्टो कर सहित से पकड़ा गया। आरोपी के पुराने प्रकरणों के संबंध में संबंधित थानों से संपर्क कर सूचना ली जा रही है। इस कार्रवाई में टीआई नीता देअरवाल, उपनिरीक्षक संतोष विश्वकर्मा, प्रआर सुरेश परमार, आरक्षक पवन, सैनिक राहुल परमार आदि शामिल थें।

**PUBLIC NOTIFICATION FOR NAME CORRECTION**

Notice is hereby given to all concerned parties that the Name of AYODHYA BAI mother of 13775086x Nk Harendra (Unit 3 RR C/O 56 APO) resident of Lakhukhedi po.chhapar teh.ashta Diss.sehore has been corrected as smt. AJUDHYA BAI

**Details of Individual:**
**Mother Name :** AJUDHYA BAI
**Son Name:** Harendra
**Previous Name:** AYODHYA BAI
**Address :** Lakhukhedi po.chhapar teh.ashta Diss.sehore

If anyone has any objection to this name correction, they are requested to submit there objection in writing to the undersigned within 30 days from the date of publication of this notice.

## पहलगाम हमले के विरोध में एबीवीपी ने फूंका आतंकवाद का पुतला, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में बुधवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। दोपहर 2 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कॉलेज के प्रोफेसर, छात्र और एबीवीपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान आतंकवादियों का पुतला दहन कर मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। एबीवीपी के नगर मंत्री पवन गुर्जर ने मीडिया से चर्चा करते हुए इस हमले को 'कायराना और सांप्रदायिक भावना से प्रेरित' बताया।



उन्होंने कहा कि हमले में देश के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 28 नागरिकों की जान गई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पवन गुर्जर ने दावा किया कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर हमला किया, जिसमें हिंदू यात्रियों को निशाना बनाया गया, जबकि मुस्लिम यात्रियों को छोड़ दिया गया।

### सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग

गुर्जर ने कहा कि इस नृशंस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। एबीवीपी इस कृत्य की तीव्र निंदा करती है और केंद्र सरकार से मांग करती है कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रदर्शन के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सीमेंट से भरे ट्रक में आग लगने से मची अफरा तफरी

**शाजापुर।** सीमेंट से भरे ट्रक में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनेरा थाना क्षेत्र में सीमेंट से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक बदनावर से सारंगपुर की ओर जा रहा था तभी ये हादसा हुआ। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी लगते ही दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाई। हालांकि तब तक ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था, वहीं उसमें रखी सीमेंट भी खराब हो गई थी। ट्रक चालक और परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में किसी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई है।





## कलेक्टर की जन सामान्य से अपील, लू तापघात से बचाव के लिए सावधानियां रखें

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय साल्विया द्वारा वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जन सामान्य से अपील की गई है कि ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव प्रत्येक वर्ष अप्रैल के महीने से होना प्रारंभ हो जाता है जिस कारण लू-ताप घात का प्रभाव आमजन को होना संभावित है। लू-तापघात से बचाव के लिए सावधानियों रखी जाना आवश्यक है जिससे आमजन काफी हद तक लू-तापघात के प्रभाव से बच सकता है।

### लू-ताप घात से बचाव के लिए सावधानियां

पानी, छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू का पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन निरन्तर किया जाए। यथासंभव दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे धूप में बाहर निकलने से बचे। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें तथा टोपी, गमछा, दुपट्टा छतरी आदि का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन किया जाए एवं हमेशा पानी साथ रखे। सूती एवं ढीले वस्त्रों को पहना जाए एवं सिन्थेटिक वस्त्र पहनने से बचे। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोंछे एवं स्नान करें। गरिष्ठ वसायुक्त ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा मादक पदार्थ मदिरा चाय-कॉफी जैसे पेय पदार्थों का उपयोग कम करें।

### लू लगने पर ये करें

लू लगने पर व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लिटायें। व्यक्ति के कपडे ढीले करें। पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल (ओ.आर.एस.) कच्चे आम का पानी पिलायें। ताप घटाने के लिए व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। लू लगने पर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में चिकित्सक से उपचार प्राप्त करें।

## सफाई कर्मियों ने वेतन समस्या पर की हड़ताल, शहर में फैली गंदगी



**शाजापुर।** नगरपालिका के सफाई कर्मियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने से नाराज होकर हड़ताल कर दी, जिसकी वजह से बुधवार सुबह शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई और नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कचरे के ढेर लग गए। इस दौरान नाराज सफाई कर्मियों ने सुबह 11 बजे नगर पालिका कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। प्रदर्शन में शामिल सफाई कर्मी राकेश महिवाल ने बताया कि हर महीने वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जब तक वेतन नहीं मिलेगा, हम काम नहीं करेंगे। नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी समय पर वेतन न मिलने से नाराज हैं। अधिकारियों ने बताया कि चुंगी कर की राशि समय पर नहीं आने से वेतन वितरण में देरी हो रही है।

## नपा के शिविर में 274 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका परिषद द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के निजी अस्पताल द्वारा सुबह 10 से 4 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगरपालिका परिषद कार्यालय में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के जांच निःशुल्क की गई। शिविर में 274 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। शिविर का निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, पार्षदगण संदीप ठाकुर, नरेंद्र यादव और आलोक राजपूत उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि शिविर में नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में डॉ अतुल सेठा, डॉ सपना बजाज जैन, डॉ श्रीकांत तिवारी, डॉ सिद्धार्थ रघुवंशी, महेश शर्मा, डॉ राहुल वर्मा द्वारा मरीजों की जांच की गई।

## मामा ने 17 वर्षीय नाबालिग भांजी को किया गर्भवती, मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी फरार

**शाजापुर।** रिश्तो को शर्मसार करते हुए एक मामा ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिक भांजी को हवस का शिकार बनाते हुए गर्भवती कर दिया। नाबालिक भांजी ने पुत्री को जन्म दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सखेड़ी थाना सुंदरसी निवासी आरोपी ने करीब 8 महीने पहले दोपहर 2-3 बजे के बीच पीड़िता को घर पर अकेली पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। आरोपी ने पीड़िता को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी देकर करीब 3-4 संबंध बनाए, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता को पेट में अचानक तेज दर्द शुरू होने पर परिजन उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल में लेकर गए, जहां जांच के दौरान पीड़िता गर्भवती पाई गई। इस दौरान उसने एक बच्ची को भी जन्म दिया। उसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बात पीड़िता को शाजापुर रेफर कर दिया। पीड़ित को यहां डॉक्टरों ने जन्मी बच्ची के साथ घर के लिए डिस्चार्ज कर दिया है। सुंदरसी थानाप्रभारी पंकज शाक्य ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ रेप और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है।

## राज्यपाल ने किया कमिश्नर को सम्मानित

**जागरण, नर्मदापुरम।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने झंडा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि जमा करने पर नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी को सम्मानित किया। बुधवार को राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जन सहयोग से नर्मदापुरम संभाग में लक्ष्य से अधिक राशि का संग्रहण हुआ है जो एक बहुत बडी उपलब्धि है। उन्होने लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि का संग्रहण करने पर संभागायुक्त श्री तिवारी के प्रयासों की सराहना की सहयोग कर्ताओं का आभार माना।



# आतंकी हमले के विरोध में मौन रैली आज

## सर्व समाज के आह्वान पर आज राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**देवास।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर दिया है। इस भीषण और अमानवीय हमले में 26 हिंदू तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि देश के करोड़ों हिंदुओं की सुरक्षा पर सीधा हमला है। हमला इतने सुनियोजित ढंग से हुआ कि आतकियों ने टूरिस्टों की पहचान कर गोलियां बरसाई। बताया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका के उपराष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि बिगाड़ने की एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया, जिसके पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का हाथ है। इस हमले के विरोध में देवास में सर्व समाज के आह्वान पर 24 अप्रैल को सायं 4.30 बजे एक मौन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए जवाहर चौक पहुंचेगी। रैली के समापन पर हमले में मारे गए निर्दोष हिंदू यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि जम्मू-कश्मीर में लगातार बढ़ रही असुरक्षा और आतंकी घटनाओं के मद्देनजर यहां तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। साथ ही मारे गए यात्रियों के परिजनों को समुचित मुआवजा और सुरक्षा प्रदान की जाए, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। साथ ही आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए हिंदू तीर्थयात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष बलों की स्थायी तैनाती सुनिश्चित की जाए। देवास के नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे बड़ी संख्या में इस रैली में सम्मिलित होकर आतंकवाद के इस कृत्य के विरोध में अपनी एकजुटता और संवेदनशीलता प्रदर्शित करें। यह न केवल शोक और आक्रोश की अभिव्यक्ति होगी, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का भी परिचायक बनेगी। उक्त जानकारी विजेन्द्र उपाध्याय ने दी।

## आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**देवास।** जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले के विरोध में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी के नेतृत्व में सिविल लाइन चौराहा स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने बुधवार को कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजेंद्र मालवीय, भगवानसिंह चावड़ा, शौकत हुसैन, दिनेश बैरागी, अनिल गोस्वामी, प्रमोद सुमन, संतोष मोदी, जाकिर उल्ला, दीपेश कानूनगो, राहुल पंवार, डॉ. रितेश शर्मा, राजेंद्र बेदी, चंद्रपाल सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन सुधीर शर्मा ने किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने फूंका पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला



**देवास।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं के विरोध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सयाजी द्वार पर पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष जुबेर लाला ने बताया कि आतंकवाद हमले से सभी भारतीयों में काफी आक्रोश है। मोर्चा ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल आतंकियों को समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ ही देश विरोधी ताकतों की निंदा करते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता का संकल्प लिया। इस दौरान जुबैर अहमद मदनी, परवेज विनर, बाली घोसी, मुश्तफा अहमद, जाहिद शेख, हाजी अकरम दादू, गब्बर कुरैशी, आवेश पठान, राजा बोस, आबिद खान, हफीज घोसी, जाकिर घोसी, इमरान दर्पण आदि उपस्थित थे।

### हमले में मृतकों को भाजपा कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

**देवास।** पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला जाने भाजपा कार्यालय पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाई और हत्या की है वह अत्यंत निदंनीय कृत्य है। सभी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन धारण कर उपस्थितजनों ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि पहलगाम पर आतंकी हमले में निर्दोषों की मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर मृतकों के परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। केंद्र की मोदी सरकार इन आतंकियों का मुंहतोड़ जवाब देगी। उक्त जानकारी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### जेडीयू ने की आतंकवादी हमले की निंदा

**देवास।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा जनता दल युनाइटेड ने निंदा की। पूर्व प्रदेश महासचिव जेडीयू धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि हमले में कथित तौर पर 26 से अधिक निर्दोष हिन्दू मारे गए जो कि सभी पर्यटक थे। कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले पर हम अपनी गहरी पीड़ा व्यक्त करते है। तिवारी ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे मानवता के मूल्यों का अपमान बताया। इस नासमझ हिंसा के शैतानी कृत्य ने सभी की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह आतंकवाद द्वारा फैलाई जाने वाली बर्बरता और अमानवीयता की एक कठोर याद दिलाता है। जेडीयू के वरिष्ठ नेता प्रदीप कानूनगो, सूर्यदेव सिंह, इकबाल मंसूरी, अफजल शेख, राजेश पटेल आदि ने भी हमले की निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की।

## न्यूज कार्नर

### जनहित सुरक्षा समिति ने की पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था

**देवास।** नगर जनहित सुरक्षा समिति द्वारा जनहित के सेवा कार्यों के साथ ही पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था की गई। समिति द्वारा रविवार को मां चामुंडा पहाड़ी पर रपट मार्ग, सीढ़ी मार्ग एवं पहाड़ी क्षेत्र में पक्षियों के लिए भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए पेड़ों पर सकोरे पानी से भर कर रखे गए व उनके दाना पानी की व्यवस्था की गई। सकोरो में प्रतिदिन पानी डालने का भी संकल्प समिति सदस्यों द्वारा लिया गया। सकोरे व्यवस्थित स्थान पर रखे गए हैं, जहां आसानी से सकोरो में पानी डाला जा सके। सकोरे व दाना पानी की व्यवस्था करने के बाद मां चामुंडा पहाड़ी पर आने वाले भक्तों, शहर के नागरिकों को भी पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे में पानी डालने के लिए प्रेरित किया गया। मां चामुंडा पहाड़ी सहित गार्डनों व जिस क्षेत्र में पक्षियों के झुंड हो ऐसी व्यवस्थित जगह रखे जा रहे है। इस अवसर पर समिति के अनिलसिंह बैस, विनोदसिंह गौड़, सुनीलसिंह ठाकुर, विजय सिंह तंवर, सुभाष वर्मा, सुरेश रायकवार, सत्यनारायण यादव, उमेश राय, अनूप दुबे, तकीउद्दीन काजी, दीपक मालवीय आदि उपस्थित थे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**पीपलरावां।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य मुन्नालाल अंगोरिया ने प्रदेश सरकार के इस अभियान को बच्चों के माध्यम से अभिभावकों व आम नागरिकों में प्रचारित करने व जल संरक्षण को लेकर जागरूक करने की बात कही। रुखमणी गार्वे व राहुल चितरोले ने जल संरक्षण को लेकर आयोजित निबंध, पोस्टर निर्माण व रंगोली प्रतियोगिता की जानकारी दी। इस दौरान अमन कांकने, कमल धाकड़, चुन्नीलाल चौहान, वेष्टि बामनिया, संदीप धाकड़, विजेंद्र भार्गव, भगवान दास आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रईस मंसूरी ने किया एवं आभार भूपेंद्र सोलंकी ने माना।

### अग्रिम संपत्ति कर व जलकर की विशेष छूट का लाभ लें : महापौर

**देवास।** म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक अग्रिम रूप से संपत्ति कर व जलकर की राशि जमा करने वाले करदाताओं को 6 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये है। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा शहर के भवन, भूमि के संपत्ति कर व जलकर दाताओं से अनुरोध किया गया है कि वे 30 जून 2025 तक अग्रिम रूप से संपत्ति कर, जलकर की राशि जमा कराकर 6 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ अवश्य लेवें।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**देवास।** जिला रोजगार अधिकारी देवास ने बताया कि जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम आयोजन अन्तर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टीशीप के अवसर एक ही छत के नीचे देने के उद्देश्य से जिला व्यापार उद्योग केंद्र, रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई देवास द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय चामुण्डा कॉम्प्लेक्स चौथी मंजिल देवास में आयोजित किया जा रहा है। जिले के 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक योग्यताधारी आवेदकों का कार्यालय में ही साक्षात्कार लेकर चयन की कार्यवाही की जायेगी। युवा संगम आयोजन में शासकीय विभागों द्वारा रोजगार, स्वरोजगार, कैरियर काउंसलिंग की जानकारी दी जायेगी।

### शिव महारूद्र यज्ञ मंडप की सैकड़ों श्रद्धालु कर रहे हैं परिक्रमा

**देवास।** स्थानीय श्री मैनाश्री गीताश्री ग्रीन सिटी कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वरम महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री शिव महारूद्र यज्ञ चल रहा है। यह आयोजन 25 अप्रैल तक चलेगा। यज्ञाचार्य पं. सुभाष शर्मा के सानिध्य में 9 यजमान जोड़ों द्वारा सपत्नीक यज्ञ-हवन में आहूतियां डाली जा रही है। इस दिव्य अनुष्ठान से वातावरण धर्ममय हो गया है। सैकड़ों श्रद्धालु यज्ञ मंडप की प्रतिदिन परिक्रमा कर पुण्य लाभ ले रहे है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे इस पुण्यमय अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# आतंकी हमले पर टिप्पणी करने वाला जेल पहुंचा



**सोनकच्छ।** जम्मु-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर टिप्पणी करने वाले युवक की हिंदू समाजजनों ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां ये उसे जेल भेजा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हिंदू समाजजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में करीब 27 लोगों की मौत हो गई थी। इस बर्बरता से देश-दुनिया स्तब्ध है। घटना के बाद फेसबुक प्लेटफार्म पर वार्ड क्रमांक 8 निवासी शोएब खान द्वारा इस घटना को पुलवामा जैसी घटना से जोड़कर लिखा गया और उसे सेटिंग बताया गया। शिकायतकर्ताओं द्वारा मांग की थी कि शोएब से यह पूछताछ कर उस पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर नजर रखते हुए माहौल खराब करने वाले के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाए। जानकारी देते पुलिस थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि शिकायत के बाद शोएब को हिरासत में ले लिया और उस पर 151 की कार्रवाई की गई है। शोएब को तहसीलदार के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

# पेयजल वितरण समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**पीपलरावां।** नगर परिषद पीपलरावां में पानी की गंभीर समस्या को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाहिद मंसूरी के नेतृत्व में प्रभारी मुख्य कार्यपालिका अधिकारी राजेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता रशीद मंसूरी ने किया। प्रभारी सीएमओ को पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भूपेंद कुमार नागर ने बताया कि नगर में 8-10 में एक बार जल वितरण हो रहा है, जिससे नगर वासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करें, अन्यथा इस समस्या का निराकरण समय रहते नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज चौहान, पार्षद शाकिर पठान, बबलू हाड़ा, पूर्व पार्षद भारतसिंह सिसोदिया, संजय त्रिवेदी, सलीम पठान, संतोष मालवीय, नितेश टेलर, दिनेश सिंदल, सोनू मंसूरी, बालचंद्र शिंदे, हाकिम मंसूरी आदि उपस्थित थे। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि देवनारायण शर्मा ने बताया कि नगर के समस्त जल स्रोत सूखने की कगार पर आ गए है, फिर भी नगर परिषद नगर को पानी सप्लाई के लिए वचनबद्ध होकर 4-5 दिन के भीतर पानी दे रही है। यह बात सही है कि विपक्ष का काम सत्ता पक्ष की खामियां निकालने की रहती है।

# ग्राम पिपल्याबक्सु के कोरोना पाजिटिव युवक के घर के आसपास 32 लोगों की स्क्रीनिंग



**सोनकच्छ।** समीपस्थ ग्राम पिपल्याबक्सु निवासी 39 वर्षीय युवक इंदौर के एक निजी अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव आया था। बुधवार को स्थानीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज के घर के आसपास के लोगों की स्क्रीनिंग की गई। युवक के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद बाद प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को सुबह 9 बजे सीबीएमओ शैलेन्द्र ओरिया मय दल के पिपल्याबक्सु पहुंचे। दल जब युवक के घर पहुंचा तो वहां ताला लगा था। जिसके बाद आसपास के रहवासियों की स्क्रीनिंग की गई। 32 लोगों की स्क्रीनिंग के दौरान कोई भी व्यक्ति सर्दी, खांसी या बुखार का नहीं मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार युवक इलाज के लिए इंदौर के निजी अस्पताल गया था, जो 17 अप्रेल से वहीं भर्ती था। 22 अप्रैल को कोरोना पॉजिटिव आने पर डॉक्टरों ने उसे आईसोलेशन में रखा था। साथ ही उसके संपर्क में आए परिवार के लोगों की जांच की गई। मरीज की पत्नी और दो बच्चों की रिपोर्ट भी निगेटिव आई थी।

# सोनकच्छ में होटलों-ढाबों पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

## 40 पेटी मदिरा जब्त एक प्रकरण धारा 34 (2) के तहत दर्ज



**सोनकच्छ।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजकुमारी मंडलोई के नेतृत्व में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को आबकारी की संयुक्त टीम ने सोनकच्छ स्थित अमृतसरी तड़का ढाबे से विदेशी मदिरा व्हिस्की की 10 बोतल, बियर की 6 कैन एवं देसी मदिरा प्लेन के 8 पाव जब्त कर प्रकरण कायम किया। मुखबिर की तात्कालिक सूचना पर सोनकच्छ स्थित सिद्धि विनायक ढाबे पर विधिवत सर्चिंग की कार्यवाही करने पर ढाबे के ऊपर वाले कमरे से देसी मदिरा प्लेन की 24 पेटी एवं पावर बियर कैन की 16 पेटी कुल 40 पेटी, जिसमें 408 बल्क लीटर मदिरा जब्त कर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर मप्र आबकारी अधिनियम के 1915 की धारा 34 (1) क एवं 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त मदिरा का मूल्य लगभग 1,53,000 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, डीपी सिंह, निधि शर्मा आदि सम्मिलित रहे।

# रोटरी मंडलाध्यक्ष की भौंरासा की अधिकारिक यात्रा संपन्न



**भौंरासा।** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष अनीस मलिक रोटरी क्लब भौंरासा नगर की आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को पहुंचे। मंडलाध्यक्ष ने बताया कि क्लब द्वारा आधिकारिक यात्रा में पक्षियों के पानी के लिए सकोरे वितरण एवं भौंरासा रोटरी क्लब व प्रेस क्लब भौंरासा द्वारा छोटे हनुमान चौक में पानी की प्याऊ का उद्घाटन, शासकीय कन्या उमावि में रोटरी क्लब द्वारा दी गई स्मार्ट टीवी का अवलोकन किया। वहीं रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. रूपसिंह नागर के क्लीनिक पर पानी की प्याऊ का उद्घाटन एवं सकोरे वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष डॉ. नागर के निवास पर रोटरी क्लब द्वारा वर्ष में आयोजित गतिविधियों का लेखा-जोखा उनके समक्ष रखा गया। वहीं बैठक एवं पेपर फाइल दिखाना, डॉ. नागर के निवास पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार साथियों तथा रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा शाल, श्रीफल देकर सम्मान किया। रोटरी क्लब सदस्य प्रदीप मंत्री की भाभी श्रीमती सूर्यकांता मंत्री का आकस्मिक निधन होने पर उनके निवास पर सांत्वना देने भी पहुंचे। इस दौरान सीमा मलिक, सुधीर पंडित, कमल नागर, दिनेश राठौर, किशोर वर्मा, राजेंद्र यादव, कन्हैयालाल खाटवा, रघुवीर सिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### डॉ. पौराणिक वैकल्पिक चिकित्सक संघ देवास जिलाध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** वैकल्पिक चिकित्सक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भालचंद्र तिवारी की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह ने डॉ. अरविंद पौराणिक को संगठन में जिलाध्यक्ष देवास के पद पर नियुक्त किया है। पौराणिक की नियुक्ति पर स्नेहीजनों ने बधाई प्रेषित की।

# एनएचएम कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## जिले भर में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प, मुख्यमंत्री को भेजेंगे पोस्टकार्ड



**देवास।** जिले सहित मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत 32,000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 23 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। देवास जिले में भी करीब 600 एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें संविदा नीति 2023 का लाभ नहीं दिया जा रहा, जिससे उनके हितों की अनदेखी हो रही है। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संविदा नीति 2023 का पूर्ण लाभ अब तक उन्हें नहीं मिला है। इसके विपरीत उनकी सुविधाओं में कटौती कर दी गई है, जो न केवल सरकार के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के भी खिलाफ है। देवास जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने देवास जिला मुख्यालय स्थित मल्हार स्मृति उद्यान में भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, एनआरसी व एसएनसीयू की सेवाएं, टीबी और मलेरिया जांच, एनसीडी केंद्रों पर बीपी और शुगर की जांच जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं ठप्प हो गई हैं। इससे आम जनता, विशेषकर मरीजों और वृद्धजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हर दिन शुरू की जा रही है विभिन्न गतिविधियां

संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक संविदा नीति के तहत घोषित लाभ कर्मचारियों को नहीं दिए जाते, आंदोलन जारी रहेगा। इसी क्रम में जिले-जिले में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 23 अप्रैल को सभी कर्मचारियों ने वादा निभाओ सरकार अभियान के तहत मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजेंगे। एनएचएम कर्मचारियों का यह आंदोलन प्रदेशभर में व्यापक असर डाल रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। हड़ताल के दौरान बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला शतरंज प्रतियोगिता संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**देवास।** देवास शतरंज एकेडमी और खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में एक दिवसीय देवास जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन देवास जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में किया गया। संघ के सचिव पवन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंडर-11 वर्ग में रिद्धेश, अंडर-14 में युवराज अग्रवाल, अंडर-18 में ईशान जोशी, तथा सीनियर वर्ग में पीयूष श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष चेतन राठौड़, अध्यक्ष सुधीर पंडित, अनिल श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, जावेद खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला शतरंज संघ के मुकेश धुरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी खंडवा में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में देवास जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में जिला शतरंज संघ के समस्त पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में आभार कुणाल अयाचित ने माना।